एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

संजय लीला भंसाली के साथ काम करना चाहती हैं सारा अली खान

सारा अली खान की अभी एक ही फिल्म रिलीज़ हुई है, लेकिन उनके सपने काफी बड़े हैं और वह ऊंची उड़ान भरना चाहती हैं। करियर की शुरुआत में ही उन्हें अभिषेक कपूर, रोहित शेट्टी और करण जौहर से जैसे बड़े फिल्ममेकर्स के साथ काम करने का मौका मिल रहा है।

हालांकि अभी सारा की एक ख्वाहिश है और वह है संजय लीला भंसाली के साथ काम करने की। भंसाली पीरियड फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। ऐतिहासिक किरदारों को उन्होंने कितने पर्फेक्शन के साथ फिल्मी परदे पर उतारा है, वह सभी ने देखा है और सारा उसी से प्रभावित हैं।

सारा ने बताया कि वह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की फिल्मों में काम करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, किसी पीरियड फिल्म में संजय लीला भंसाली के साथ काम करने का मौका मिले तो यह मेरे लिए किसी सपने के पूरे होने जैसा होगा। मुझे सांस्कृतिक और सामाजिक इतिहास बेहद पसंद है। हमारी संस्कृति और इतिहास बेहद समृद्ध है और मुगल काल, वैदिक काल व भारतीय मंदिरों के बारे में जानना और पढ़ना मुझे बेहद अच्छा लगता है। इतिहास के ये सभी पन्ने और किस्से मुझे बेहद अच्छे लगते हैं।

सारा की डेब्यू फिल्म केदारनाथ हाल ही में रिलीज़ हुई थी और इसमें उनकी ऐक्टिंग को काफी सराहा गया। जल्द ही उनकी दूसरी फिल्म सिंबा रिलीज़ होने वाली है, जिसे रोहित शेट्टी ने डायरेक्ट किया है तो करण जौहर ने प्रड्यूस किया है।

नेटफ्लिक्स दुनिया को भारतीय प्रतिभा दिखाने का शानदार मंच : अनिल कपूर

नेटफ्लिक्स के आगामी शो सिलेक्शन डे का सह-निर्माण करने वाले अभिनेता-निर्माता अनिल कपूर का कहना है कि स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म दुनिया को भारतीय प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा मंच है। अनिल कपूर ने कहा, यह शो (सिलेक्शन डे) एक बेहद अच्छे उपन्यास (अरविंद अडिगा की नामांकित पुस्तक) का रूपांतरण है। यह 28 दिसंबर को दुनिया भर के 190 से अधिक देशों में प्रदर्शित किया जाएगा। मुझे लगता है कि नेटफ्लिक्स पूरी दुनिया को भारतीय कलाकारों और तकनीशियनों की क्षमता दिखाने का एक शानदार मंच है।

अनिल ने कहा कि एक निर्माता के रूप में नेटफ्लिक्स के साथ सहयोग करने से उन्हें लगता है कि प्रोडक्शन अब एक थैंकलैस जॉब नहीं रहा। सिलेक्शन डे के प्रीमियर के दौरान यह बात कही। उनके साथ कबीर खान, अक्षय ओबेरॉय, सानिया मल्होत्रा, रिया कपूर, समीर कोचर, फातिमा साना शेख, फराह खान, पवन मल्होत्रा, दलिप ताहिल जैसे सितारे उपस्थित हुए।

शो के बारे में अनिल ने कहा, इस शो की पृष्ठभूमि क्रिकेट है, लेकिन कुल मिलाकर यह दो भाइयों और उनके खूबसूरत रिश्ते की कहानी है। मैं कह सकता हूं कि यह एक पिता और उनके बच्चों के सपने पर आधारित है।

मौनी रॉय ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं अपनी हॉट तस्वीरें

टीवी पर नागिन के किरदार से फेमस हुईं ऐक्ट्रेस मौनी रॉय अब बॉलिवुड में एंट्री मार चुकी हैं और अब अगले साल के लिए उनके पास कई प्रॉजेक्ट्स भी हैं। फिल्मों और टीवी सीरियल के अलावा मौनी इंस्टाग्राम पर अपने फैशनेबल अंदाज़ को लेकर भी काफी सुर्खियों में रहती हैं। मौनी ने एक बार फिर अपने इंस्टा पर एक ऐसी तस्वीर पोस्ट की है, जिसे लेकर वह सुर्खियों में हैं। मौनी रॉय ने अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है, जिसमें वह पिंक रफल्ड स्कर्ट के साथ ब्लैक शीर क्रॉप टॉप पहन रखी है। इस ड्रेस के साथ उन्होंमे जूलरी के नाम पर कुछ भी नहीं पहना है। उन्होंने कैप्शन में लिखा है, सर्दी में जयपुर की एक गर्म दुपहरी में। इस पोस्ट में जहां कुछ तस्वीरें हैं वहीं कई बूमरैंग विडियो भी पोस्ट किए हैं मौनी ने। बता दें कि मौनी इसी साल अक्षय कुमार के साथ फिल्म गोल्ड से बॉलिवुड में डेब्यू कर चुकी हैं, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद भी किया। इसके अलावा और कई प्रॉजेक्ट्स उनकी झोली में हैं।



स्वरा भास्कर ने दिया करीना और मधुबाला का उदाहरण

अभिनेत्री स्वरा भास्कर का कहना है कि 'वीरे दी वेडिंग' की उनकी सह कलाकार सभी कामकाजी महिलाओं के लिए प्रेरणा हैं। स्वरा 92.7 बिग एफएम के शो 'बिग एमजे ऑफ द विक' में रेडियो जॉकी बनीं। उन्होंने बिग एमजे दिलीप के साथ बातचीत करते हुए करीना और अन्य मुद्दों पर बात की। स्वरा ने कहा, ''वह (करीना) सभी कामकाजी लड़कियों के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने साबित किया है कि निजी जीवन का आनंद लेते हुए एक सफल करियर हो सकता है। जिस तरह से उन्होंने अपनी निजी और पेशेवर जिंदगी को संभाला है, वह बेहतरीन है।'' यह पूछे जाने पर कि वह किसकी बायोग्राफी पर काम करना चाहेंगी? इस पर स्वरा ने कहा, ''अगर कभी मधुबाला जी पर बायोपिक बनती है तो मैं इसका हिस्सा बनना चाहूंगी। अगर किसी ऐतिहासिक किरदार पर बायोग्राफी बनती है तो मैं इंदिरा गांधी का किरदार निभाना चाहूंगी।''